**Regarding Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Kaushambi district, Uttar Pradesh- Laid**

**श्री पुष्पेंद्र सरोज (कौशाम्बी) :** मैं उत्तर प्रदेश के कौशांबी जनपद में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की अत्यावश्यक आवश्यकता की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । यह जनपद आज भी गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक शिक्षण संस्थानों की गंभीर कमी से जूझ रहा है, विशेषकर वंचित एवं पिछड़े समुदायों के बच्चों के लिए । उत्तर प्रदेश में देश के सबसे अधिक, लगभग 4.7 करोड़, स्कूली छात्र हैं । इसके बावजूद पूरे राज्य में केवल 125 केन्द्रीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं । कौशांबी जनपद में ही 2.8 लाख से अधिक स्कूली बच्चे हैं, जिनमें से एक-तिहाई से अधिक वंचित समुदायों से आते हैं । किंतु खेद का विषय है कि जनपद में एक भी केन्द्रीय विद्यालय स्थापित नहीं है । यह सर्वविदित है कि केन्द्रीय विद्यालय उच्च गुणवत्ता की, सुलभ एवं सस्ती शिक्षा तथा समान शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं, जो सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होते हैं । अतः मैं माननीय शिक्षा मंत्री से अनुरोध करता हूँ कि कौशांबी जनपद में शीघ्र केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु आवश्यक स्वीकृति प्रदान की जाए, जिससे इस क्षेत्र में शैक्षिक अवसरों का विस्तार हो सके और विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा की ओर प्रेरणा मिल सके ।